सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी
(SAMPURNANAND SANSKRIT VISHWAVIDYALAYA, VARANASI)

महाविद्यालयीय प्रवेश सूचना सत्र – 2020–21

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 17/07/2020 के निर्णयानुसार समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भाँति महाविद्यालयों में संचालित शास्त्री प्रथम/शास्त्री द्वितीय/शास्त्री तृतीय सत्र 2020–21, आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2020–22 तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 कक्षाओं में प्रवेशित छात्रों के आकड़ों को गत सत्र की भाँति ऑनलाइन पंजीकरण किया जायेगा।

प्रवेशित छात्रों के ऑनलाइन प्रवेशावेदन पत्र तथा नामावली इत्यादि विश्वविद्यालय की ऑनलाइन वेबसाइट www.ssvvonline.in के "महाविद्यालय प्रवेश सत्र 2020–21"/"कॉलेज लॉगिन" विकल्प पर उपलब्ध होंगे। महाविद्यालयों द्वारा नियमानुसार प्रवेशित छात्रों के आकड़ों का निम्नलिखित कार्यक्रम विवरणानुसार ऑनलाइन पंजीकृत किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या 1028–सत्तर–1–2020 दिनांक 11.07.2020 द्वारा विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के लिये कोविड–19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों में सत्र 2020–21 का शैक्षणिक कैलेण्डर तथा कक्षाओं के प्रवेश/संचालन/परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है। उक्त शासनादेश के दिशा–निर्देशों के अनुपालनार्थ समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में पूर्व संचालित शास्त्री प्रथम की प्रवेश प्रक्रिया अनिवार्यतः दिनांक 15.09.2020 तक तथा आचार्य प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 31.10.2020 तक पूर्ण करते हुए निम्न कार्यक्रमानुसार प्रवेशित छात्रों के आकड़ों को ऑनलाइन पंजीकरण कर दें।

1.	प्रवेशित छात्रों के आकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्ट करने तथा संशोधन करने की प्रारम्भिक तिथि	16.08.2020
2.	प्रवेशित छात्रों के आकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्ट करने तथा संशोधन करने की अंतिम तिथि	31.10..2020
3.	कॉलेज लॉगिन पर प्रवेश–सूची उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	05.11..2020
4.	कॉलेज लॉगिन से प्रवेश–सूची तथा शास्त्री प्रथम/आचार्य प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशावेदनपत्रों को संलग्नको सहित मुद्रित एवं प्रमाणित कर विश्वविद्यालय में जमा/प्रेषित करने की अंतिम तिथि	12.11..2020

नोटः– 1– उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 1028/सत्तर–1–2020 दिनांक 11.07.2020 द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुसार शास्त्री प्रथम की कक्षा में (कोविड–19 महामारी से उत्पन्न स्थितियों के सामान्य होने की दशा में) शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि – 01.10.2020।

2– उक्त शासनादेश द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुसार आचार्य प्रथम (प्रथम सेमेस्टर सत्र 2020–22) की कक्षाओं में (कोविड–19 महामारी से उत्पन्न स्थितियों के सामान्य होने की दशा में) शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि – 01.11.2020।

3– शैक्षणिक सत्र 2019–20 के शास्त्री प्रथम/द्वितीय तथा आचार्य द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 कक्षाओं/खण्डों के छात्रों को अगले खण्डों क्रमशः शास्त्री द्वितीय/तृतीय सत्र 2020–21 तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 में औपबन्धिक रूप से छात्र मानते हुए पठन–पाठन की निरंतरता के दृष्टिगत अधोलिखित बिन्दु संख्या 4 एवं 5 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार शिक्षण कार्य सम्पादित करायें।

4– उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 1028/सत्तर–1–2020 दिनांक 11.07.2020 द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुसार शास्त्री द्वितीय/तृतीय सत्र 2020–21 तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 की ऑनलाइन कक्षाएं प्रारम्भ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

5– कोविड–19 महामारी से उत्पन्न स्थितियों के सामान्य होने की दशा में शास्त्री द्वितीय/तृतीय सत्र 2020–21 तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 कक्षाओं में प्रत्यक्ष रूप से शिक्षण कार्य (पठन–पाठन) प्रारम्भ करने की तिथि – **01.10.2020 ।**

(राजबहादुर)
कुलसचिव

पत्रांक – कु0स0– 1886/2020 दिनांक–13.08.2020

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
6. सिस्टम मैनेजर को कार्यदायी संस्था एवं महाविद्यालयों/प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
8. समस्त सूचना–पट्ट।
9. सम्बद्ध पत्रावली।

(राजबहादुर)
कुलसचिव